समाचार

ठिठुरती ठंड से बचने अलाव बन रहे लोगों के लिए सहारा

(नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दो दर्जन से अधिक स्थानों पर विगत एक माह से जलवाए जा रहे अलाव)

कोरबा 31 दिसम्बर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव के निर्देश पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने सभी जोन के प्रमुख चौक–चौराहों, अधिक आवाजाही वाले स्थानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि सहित अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों में प्रतिदिन दो दर्जन से अधिक अलाव जलवाए जा रहे हैं, लगातार बढ़ रही ठंड के इस मौसम में अलाव लोगों को ठंड से बचने हेतु सहारा दे रहे हैं तथा काफी संख्या में लोग शाम होते ही इन अलावों के आसपास जमा होकर निगम की इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

कोरबा शहर एवं इसके उपनगरीय क्षेत्रों में ठंड का असर चरम पर है तथा कपकपा देने वाली ठंडी पड़ रही है, बढ़ती ठंड के इस मौसम में राहगीरों, यात्रियों व अन्य जरूरतमंदों को ठंड से बचाने हेतु आयुक्त श्री राहुल देव के निर्देश पर निगम द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत प्रमुख चौक–चौराहों, व्यवसायिक क्षेत्रों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड व अधिक आवाजाही वाले स्थानों में विगत एक माह से दो दर्जन से अधिक अलाव जलवाए जा रहे हैं। शाम होते ही निगम के कर्मचारी इन अलावों को जलाते हैं तथा प्रतिदिन काफी संख्या में लोग इन अलावों का उपयोग कर कड़कडाती ठंड से राहत पाते हैं।

इन स्थानों पर जलाए जा रहे अलाव– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा रेलवे स्टेशन कोरबा, पुराना बस स्टैण्ड, सुनालिया चौक, टी.पी.नगर चौक, नया बस स्टैण्ड तथा जोन के अन्य प्रमुख स्थानों, महाराणा प्रताप चौक बुधवारी, सौ शैय्या जिला चिकित्सालय, गुरू घांसीदास चौक, सब्जी बाजार कोसाबाड़ी, निहारिका सुभाष चौक, घंटाघर, बस स्टैण्ड बालको, भदरापारा मेन रोड, अमरसिंह होटल के पास बालको, एन.टी.पी.सी. गेट

जमनीपाली, सिंधिया चौक दर्री, जेलगांव चौक, सरदार पटेलनगर पेट्रोल पम्प, गेवरा रेलवे स्टेशन, गेवरा चौक, वृद्धाश्रम, सर्वमंगला चौक एवं बांकीमोंगरा जोन के विभिन्न स्थानों सहित अन्य प्रमुख चौक–चौराहों, व्यवसायिक क्षेत्रों व अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जा रहे हैं।

तीन रैनबसेरे संचालित– यात्रियों, राहगीरों तथा अन्य जरूरतमंदों को रात्रि विश्राम की समुचित सुविधा उपलब्ध कराने के मद्देनजर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर में तीन स्थानों पर रैनबसेरों का संचालन कराया जा रहा है। सौ शैय्या जिला अस्पताल, टी.पी.नगर नया बस स्टैण्ड तथा वार्ड क्र. 11 संजय नगर में रैनबसेरे संचालित हैं, इन तीनों रैनबसेरा में 32 शैय्या की व्यवस्था की गई है। आयुक्त श्री राहुल देव के निर्देश पर इन तीनों रैनबसेरा में व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त किया गया है, रैनबसेरों में पलंग, गद्दा, कम्बल, तकिया आदि के साथ–साथ शुद्ध पेयजल, शौचालय प्रसाधन, लाईट पंखा सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गई है, इन रैनबसेरों में अलाव जलाने की व्यवस्था भी कराई गई है तथा नया बस स्टैण्ड टी.पी.नगर स्थित रैनबसेरे में टी.व्ही.भी लगाई गई है।